फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री दिलीप कुमार उपाध्याय पुत्र श्री जगदीश चन्द्र नि. दिवेर तहसील भीम जिला राजसमंद
– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 47/2022**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 16.01.2023 पत्रावली पेश हुई । अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम द्वारा जरिये पत्रांक भू.अ./आर.टी.आई./2023/89–90 दिनांक 11.01.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम द्वारा तैयार कर उनके कार्यालय से कार्यालय समय में उपस्थित होकर सूचना प्राप्ति हेतु अपीलार्थी श्री दिलीप कुमार उपाध्याय को दिनांक 11.01.2023 को पत्र द्वारा सूचित किया जाकर प्रतिलिपि इस कार्यालय को भी पृष्ठाकिंत की गई है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, भीम की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम द्वारा तैयार कर कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर सूचना प्राप्ति हेतु अपीलार्थी को दिनांक 11.01.2023 को पत्र द्वारा सूचित किया है। **लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना अपीलार्थी को 07 दिवस के अंदर–अंदर अपने स्तर से उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित करे।** उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	